महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय

राष्ट्रीय राजमार्ग सं. 15, जैसलमेर रोड़, बीकानेर–334004 (राजस्थान) भारत

दूरभाष / Phone: 0151-2212044 फैक्स / Fax: 2212042 ईमेल / E-mail: mgsubikaner@gmail.com

क्रमांक : प.02 ( ) मगसिंविबी / परीक्षा / गोपनीय / 2019 / 851 दिनांक : 25/04/2019

प्राचार्य,
सम्बद्ध महाविद्यालय (विधि),
महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय,
बीकानेर।

विषय :– एलएल.बी. प्रथम वर्ष की प्रायोगिक परीक्षा–2019 आयोजित करवाने के सम्बंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत निवेदन है कि विश्वविद्यालय द्वारा **एलएल.बी. प्रथम वर्ष** की प्रायोगिक परीक्षा–2019 ऑनलाईन माध्यम से सम्पादित करवाई जानी है इसके लिए आपके महाविद्यालय में बाह्य परीक्षकों का ऑनलाईन पैनल महाविद्यालय के पोर्टल पर जारी कर दिया गया है। प्रायोगिक परीक्षा दिनांक 26.04.19 से 10.05.19 के मध्य आयोजित करवाई जा सकती है। ऑनलाईन प्रायोगिक परीक्षा के लिए एक सॉफ्टवेयर तैयार किया गया है, जिसके अनुसार ही कार्य सम्पादित किया जाना है। ऑनलाईन परीक्षा आयोजन हेतु केन्द्राधीक्षक एवं परीक्षकों द्वारा की जाने वाली कार्यवाही का क्रमबद्ध विवरण संलग्न है (अनेक्सर–01)। इसके अतिरिक्त ऑनलाईन प्रायोगिक परीक्षा की क्रमबद्ध जानकारी से सम्बंधित प्रजेन्टेशन (PPT) महाविद्यालय के पोर्टल पर भी उपलब्ध है।

- प्रायोगिक परीक्षा आयोजित करने हेतु बाह्य परीक्षक को स्पीड पोस्ट द्वारा पत्र प्रेषित कर अथवा उपलब्ध मोबाईल नम्बर पर सम्पर्क कर वार्ता अनुसार प्रायोगिक परीक्षा कार्यक्रम का निर्धारण करें। परीक्षा आयोजन के लिए दिनांक का निर्धारण बाह्य परीक्षक द्वारा किया जाना है।
- बाह्य परीक्षक से सम्पर्क नहीं होने अथवा परीक्षक द्वारा असमर्थता व्यक्त करने पर वैकल्पिक व्यवस्था हेतु महाविद्यालय के पोर्टल पर उपलब्ध निर्देशानुसार सम्बन्धित विषय के संयोजक (Convenor) से सम्पर्क कर नवीन परीक्षक का रजिस्ट्रेशन करें। नवीन परीक्षक के रजिस्ट्रेशन उपरान्त इसकी सूचना ई–मेल के द्वारा विश्वविद्यालय को प्रेषित करें। विषयवार संयोजकों की सूची मय मोबाईल नं. संलग्न कर प्रेषित है (संलग्न–अनेक्सर–02)।
- उक्त प्रक्रिया के अतिरिक्त महाविद्यालय स्तर पर की गई बाह्य परीक्षक की वैकल्पिक व्यवस्था स्वीकार नहीं की जावेगी।
- महाविद्यालय में पंजीकृत समस्त परीक्षार्थियों की प्रायोगिक परीक्षा उपर्युक्त निर्धारित अवधि में ही आयोजित करावें। विश्वविद्यालय की अनुमति के बिना निर्धारित अवधि के पश्चात् महाविद्यालय स्तर पर आयोजित परीक्षा मान्य नहीं होगी।
- प्रायोगिक परीक्षा में सम्मिलित हुए छात्रों के उपस्थिति पत्र तथा उनकी अंक सूची प्रिंट कर एक प्रति विश्वविद्यालय (University Copy) में भिजवाए तथा एक प्रति महाविद्यालय (Principal Copy) में सुरक्षित रखें।
- प्रायोगिक परीक्षा की प्रत्येक अंक सूची पर बाह्य परीक्षक एवं आन्तरिक परीक्षक के हस्ताक्षर आवश्यक हैं।
- प्रायोगिक परीक्षा हेतु जिन परीक्षार्थियों के रोल नं. जारी नहीं हुए हैं, ऐसे परीक्षार्थियों (Additional/New Student/Batch Transfer Candidate) के उपलब्ध विवरण को ऑनलाईन सॉफ्टवेयर में इंद्राज करते हुए (यथा रोल नं., पिता का नाम, फॉर्म नं.) पात्र पाए जाने पर प्रायोगिक परीक्षा में सम्मिलित किया जा सकता है। परीक्षा आवेदन पत्र की जॉच के दौरान परीक्षार्थी के अपात्र पाए जाने की स्थिति में उसकी प्रायोगिक परीक्षा निरस्त कर दी जावेगी।
- प्रायोगिक परीक्षा में अनुपस्थित रहने वाले परीक्षार्थियों की निर्धारित अवधि उपरान्त अलग से प्रायोगिक परीक्षा आयोजित नहीं करावें।
- बाह्य परीक्षकों का पैनल अति गोपनीय है। अतः प्राचार्य इसकी गोपनीयता बनाए रखें।
- आन्तरिक मूल्यांकन के अंकों की प्रविष्टी भी ऑनलाईन माध्यम से की जानी है। इस हेतु महाविद्यालय पोर्टल पर बैच उपलब्ध करवा दिये गये है।
- प्रायोगिक परीक्षा के सम्बंध में किसी प्रकार की तकनीकी कठिनाई आने पर पोर्टल पर उपलब्ध हेल्पलाईन नम्बर (9460713090, 7230068203) अथवा डॉ. सुरेन्द्र कुमार गोदारा (सहा. कुलसचिव) मोबाइल नं. 9414762571 से सम्पर्क करें तथा समाधान न होने की स्थिति में अधोहस्ताक्षरकर्ता से सम्पर्क किया जा सकता है।

संलग्नः–उपरोक्तानुसार।

(डॉ. जे. एस. खीचड़)
परीक्षा नियंत्रक

क्रमांकः प 02 ( ) मगसिंविबी / गोपनीय / 2019 /   दिनांक :

प्रतिलिपि :– निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. निजी सचिव–कुलपति, महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर।
2. वरिष्ठ निजी सहायक– कुलसचिव / वित्त नियंत्रक, महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर।
3. उप कुलसचिव (शैक्षणिक), महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर।
4. सहायक कुलसचिव (परीक्षा), महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर।
5. आहरण एवं वितरण अधिकारी, महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर।
6. संयोजक, **विषय विधि** को प्रेषित कर निवेदन है कि विश्वविद्यालय द्वारा नियुक्त बाह्य परीक्षकों द्वारा प्रायोगिक परीक्षा सम्पन्न कराने में असमर्थता व्यक्त करने की स्थिति में सम्बन्धित महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा सम्पर्क करने पर पूर्णतया सन्तुष्ट होकर वैकल्पिक बाह्य परीक्षक नियुक्त करने की व्यवस्था करावें। आप द्वारा जिन महाविद्यालयों में वैकल्पिक व्यवस्था की जाती है, उनकी इकजाई सूची विश्वविद्यालय को प्रेषित करावें।

(डॉ. सुरेन्द्र कुमार गोदारा)
सहायक कुलसचिव (गोप.)